कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)
दूरभाष क्रमांक - 07749-265461 Email- gururgovernmentcollege@gmail.com

-:: प्रेस विज्ञप्ति ::-

दिनांक 20/11/2017

कॉलेज में वाणिज्य परिषद का उद्घाटन

शास. महाविद्यालय गुरूर में वाणिज्य परिषद का उद्घाटन 18/11/2017 को किया गया ।उद्घाटन के अवसर पर प्राचार्य डॉ. व्ही.एम. जुर्री, डॉ. जे.एल. बघेल, प्रो. एल.आर. हिरवानी, प्रो. हेमलता साहू, प्रो. पार्वती साहू, संकाय प्रभारी प्रो. के.एल. रावटे, परिषद के पदाधिकारी एवं वाणिज्य संकाय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे । उद्घाटन के अवसर पर छबिला एवं मुस्कान द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । परिचर्चा कार्यक्रम में यशवंत कुमार, जितेन्द्र कुमार, भारती, जितेन्द्र ने अपने-अपने विचार प्रकट किये । प्राचार्य महोदय ने स्वव्यवसाय करने पर जोर दिया । डॉ. बघेल जी ने वाणिज्य के छात्र-छात्राओं को व्यवसाय के विभिन्न पक्षों की जानकारी दिये । प्रो. हिरवानी ने वस्तु विनिमय एवं जी.एस.टी. के संबंध में बाते बताई । छात्र-छात्राओं के लिए कबड्डी, गोली चम्मच, रस्साखीच, कुर्सी दौड़, रूमाल झपट्टा, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । वाणिज्य परिषद के अध्यक्ष - जागेश्वर B.com – III, उपाध्यक्ष - भीमराज B.com – III, सचिव - नितेश कुमार B.com – II, सहसचिव - नेमसिंह B.com – I एवं हिमांशु कुमार B.com – II, कुसुम सहरे B.com – I सदस्य मनोनित किये गये ।

प्राचार्य
Principal
Govt. College, Gurur
Distt. Balod (C.G)

प्रति,

संवाददाता,

दैनिक भास्कर, नवभारत,
नई दुनिया, हरिभूमि, पत्रिका,
प्रखर समाचार, अमृत संदेश, देश-बन्धु दैनिक समाचार पत्र ।

कृपया अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे